# पाठ - 18
# पानी कहीं ज्यादा ,कहीं कम

---

## चर्चा करो

**Q1. गंदा पानी पीने से शरीर को क्या नुकसान हो सकता है?**

**उत्तर :** गंदा पानी पीने से डायरिया, कोलरा तथा अन्य कई तरह की संक्रामक बीमारियां हो सकती हैं।

**Q2. क्या कभी तुम्हारे इलाके में पीने का पानी गंदा आया है? क्या कारण था?**

**उत्तर :** हाँ, मेरे इलाके में कभी-कभी नलों में गंदा पानी आ जाता है। गंदा पानी वाटर सप्लाई के लिए बने पाईप के सड़कों तथा नालों के पास फूट जाने से आता है।

**Q3. क्या तुम्हारे यहाँ कभी पानी साफ न होने के कारण कोई बीमार हुआ है? चर्चा करो।**

**उत्तर :** हाँ, मेरे क्लास में पढ़ने वाला एक लड़का गंदा पानी के कारण बीमार हो गया था। उसे डायरिया हो गया था, जिसके कारण उसे दो दिनों तक अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।

**Q4. सुगुणा की बस्ती में लोगों के पीने के लिए साफ पानी नहीं था। इसलिए मेहमान के लिए कोल्ड ड्रिंक मँगवाया गया। तुम क्या सोचते हो, सुगुणा के परिवार वाले रोज पीने के पानी के लिए क्या करते होंगे?**

**उत्तर :** सुगुणा की बस्ती के लोग पानी को उबाल कर पीते होंगे।

**Q5. मेहमान ने कोल्ड ड्रिंक पीने से मना किया। तुम्हारे अनुसार उन्होंने ऐसा क्यों किया होगा?**

**उत्तर :** कोल्ड ड्रिंक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इसलिये उन्होंने कोल्ड ड्रिंक पीने से मना किया होगा।

**Q6. दीपक की बस्ती में पानी भरने के लिए लाइन में लगना पड़ता है, जबकि रजिया के यहाँ दिन भर पानी आता है। ऐसा क्यों?**

**उत्तर :** दीपक की बस्ती में नल से पानी आता है। लेकिन रजिया के यहाँ मकान के ऊपर बने टंकी में नल से आने वाला पानी भर लिया जाता है तथा वहाँ से दिन भर पानी आता है।

**Q7. रजिया को अखबार से पानी की खबर मिली। क्या तुमने कभी अखबार में पानी से जुड़ी कोई खबर पढ़ी है? क्या?**

**उत्तर :** हाँ, मैंने भी अखबार में पानी से जुड़ी कई खबरें पढ़ी हैं। जैसे-पानी की किल्लत, पानी गंदा होना, बाढ़ आ जाना आदि।

## पढ़ो और लिखो

**Q1. क्या कभी तुम्हारे घर में पानी की किल्लत हुई है? कब?**

**उत्तर :** हाँ। जब पानी की सप्लाई खराब हो जाती है और पानी नहीं आता है, तब पानी की किल्लत हो जाती है।

**Q2. तब तुम ने क्या किया?**

**उत्तर :** तब पानी का टैंकर बुलबाया गया।

**Q3. क्या तुम कभी पानी में खेले हो? कब और कहाँ?**

**उत्तर :** हाँ, मैं कई बार पानी में खेला हूँ। जब भी मैं अपने गाँव जाता हूँ, जहाँ मेरे दादाजी रहते हैं।

**Q4. क्या तुम्हें कभी पानी में खेलने से मना किया जाता है? क्यों?**

**उत्तर :** हाँ। सर्दियों के मौसम में। क्योंकि उसमें सर्दी लग जाने का डर रहता है।

**Q5. 'वॉटर पार्क में खेलने के लिए पानी ही पानी था, लेकिन उस गाँव में पीने के लिए भी नहीं। अगर तुम कभी 'वॉटर पार्क में जाओ, तो पता करो कि वहाँ पानी कहाँ से आता है।**

**उत्तर :** वाटर पार्क में पानी पाईप के द्वारा आता है।

**कॉपी में लिखो।**

**Q1. अखबार पढ़कर रजिया परेशान क्यों थी?**

**उत्तर :** क्योंकि गटर का पानी सप्लाई वाले पानी में मिल गया था।

**Q2. रजिया ने पिछले दिन का भरा हुआ सारा पानी फेंकने के लिए कहा। क्या उस पानी को किसी और काम के लिए इस्तेमाल किया जा सकता था? किस काम के लिए?**

**उत्तर :** हाँ। उस पानी को घर पोंछने तथा बगीचे के फूल में डालने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता था।

**Q3. रजिया ने पानी साफ करने का क्या तरीका अपनाया?**

**उत्तर :** रजिया ने पानी को उबालने का तरीका अपनाया।

**Q4. तुम पानी साफ करने के कौन-कौन से तरीके जानते हो?**

**उत्तर :** पानी को साफ करने के लिए उसे फिल्टर के द्वारा फिल्टर किया जा सकता है, उसमें क्लोरीन की गोली मिलाई जा सकती है।

**Q5. अगर रजिया अखबार में आई खबर न पढ़ती और सब बिना उबला पानी पी लेते, तो क्या होता?**

**उत्तर :** यदि सब बिना उबला पानी पी लेते तो वे बीमार हो सकते थे। चर्चा करो

**स्वयं करके चर्चा करो।**

**Q1. पिछले एक महीने, में अलग-अलग अखबारों में पानी से जुड़ी जो खबरें आई हैं, उन्हें इकट्ठा करो। इन ख़बरों को एक बड़े कागज पर चिपकाओ और इन पर चर्चा करो।**

**उत्तर :** स्वयं करो।।

## समूह एक

**Q1. देखो और लिखो- सही जगह पर "सही (✓)" का निशान लगाओ।**

**स्कूल में पीने का पानी कहाँ से आता है?**

नल ☐ टंकी ☐ हैंडपंप ☐ कहीं और से ☐

**उत्तर :**

नल ☑ टंकी ☑ हैंडपम्प ☑ कहीं और से ☐

**Q2. तुम स्कूल में पीने का पानी कहाँ से लेते हो?**

नल ☐ टंकी ☐ हैंडपंप ☐ कहीं और से ☐

**उत्तर :**

नल ☑ टंकी ☐ हैंडपम्प ☐ कहीं और से ☐

**Q3. यदि नल, मटके या हैंडपंप नहीं हैं, तो पीने का पानी कहाँ से लाते हो?**

**उत्तर :** नल तथा हैंडपम्प हैं।

**Q4. क्या सभी नलों या हैंडपंपों में पानी आता है?**

**उत्तर :** हाँ।

**Q5. क्या इनमें से कोई नल बहता या टपकता रहता है?**

**उत्तर :** नहीं। जो नल बहने या टपकने लगता है उसे ठीक कराया जाता है।

**Q6. क्या सभी मटकों या बर्तनों में पानी भरा और ढंका रहता है?**

**उत्तर :** हाँ।

**Q7. क्या मटकों या पानी के दूसरे बर्तनों की नियमित सफाई की जाती है?**

**उत्तर :** हाँ, सभी बर्तनों की नियमित सफाई की जाती है।

**Q8. पानी को पीने लायक कैसे बनाया जाता है?**

**उत्तर :** पानी पीने लायक ही रहता है।

**Q9. क्या मटकों या बर्तनों से पानी निकालने के लिए लंबे हैंडल वाले बर्तन हैं? अगर हैं तो कितने?**

**उत्तर :** हाँ, सभी बर्तनों से पानी निकालने के लिए एक-एक लंबे हैंडल वाले बर्तन हैं।

**Q10. क्या पानी पीने की जगह की नियमित सफाई की जाती है?**

**उत्तर :** हाँ, पानी पीने की जगह की नियमित सफाई की जाती है।

## सोचो और चर्चा करो

**Q1. ये जगहें गंदी क्यों हो जाती हैं?**

**उत्तर :** ये जगहें लगातार पानी गिरने से गंदी हो जाती हैं।

**Q2. इन जगहों को साफ रखने के लिए क्या किया जा सकता है?**

**उत्तर :** इन जगहों को साफ रखने के लिए नियमित सफाई तथा ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग किया जा सकता है।

## पता करो और कॉपी में लिखो

**Q1. मटके और उसमें से पानी निकालने वाले बर्तनों की धुलाई कितने दिनों में की जाती है? कौन करता है?**

**उत्तर :** प्रतिदिन धुलाई की जाती है। धुलाई स्कूल के स्टाफ द्वारा की जाती है।

**Q2. स्कूल में कितने बच्चे हैं?**

**उत्तर :** मेरे स्कूल में 1000 बच्चे हैं।

**Q3. कितने नल, मटके या हैंडपंप हैं?**

**उत्तर :** मेरे स्कूल में 25 नल, 20 मटके तथा 5 हैंडपम्प हैं।

**Q4. क्या वे सभी बच्चों के लिए काफी हैं?**

**उत्तर :** हाँ, वे सभी बच्चों के लिए काफी हैं।

**Q5. इन जगहों की सफाई कौन करते हैं?**

**उत्तर :** स्कूल का सफाई कर्मचारी।

**Q6. जो पानी नीचे गिर जाता है, वह कहाँ जाता है?**

**उत्तर :** जो पानी नीचे गिर जाता है वह नाले में जाता है।

## समूह दो

**Q1. देखो और लिखो- सही जगह पर "सही (✓)" का निशान लगाओ।**

**1-स्कूल में टॉयलेट के लिए क्या इंतजाम हैं?**

पक्का टॉयलेट ☐ खुली जगह ☐

**2-क्या लड़के और लड़कियों के टॉयलेट अलग-अलग हैं**

☐ हाँ ☐ नहीं

**3-क्या वहाँ पानी है**

☐ हाँ ☐ नहीं

**4-नल से**

☐ हाँ ☐ नहीं

**5-भरी हुई टंकी से**

☐ हाँ ☐ नहीं

**6-घर से लाना पड़ता है?**

☐ हाँ ☐ नहीं

**7-हाथ धोने के लिए पानी है क्या?**

☐ हाँ ☐ नहीं

**8-टॉयलेट जाने के बाद क्या तुम हाथ धोते हो?**

☐ हाँ ☐ नहीं

**9-क्या कोई नल बहता या टपकता रहता है?**

☐ हाँ ☐ नहीं

**10-क्या टॉयलेट साफ रहते हैं?**

☐ हाँ ☐ नहीं

**उत्तर : 1-** स्कूल में टॉयलेट के लिए क्या इंतजाम हैं? - **पक्का टॉयलेट**

**2-** क्या लड़के और लड़कियों के टॉयलेट अलग-अलग हैं? - हाँ

**3-** क्या वहाँ पानी है? - **हाँ**

**4-** नल से - **हाँ**

**5-** भरी हुई टंकी से - **हाँ**

**6-** घर से लाना पड़ता है? **- नहीं**

**7-** हाथ धोने के लिए पानी है क्या? **- हाँ**

**8-** टॉयलेट जाने के बाद क्या तुम हाथ धोते हो? **- हाँ**

**9-** क्या कोई नल बहता या टपकता रहता है? - **नहीं**

**10 -**क्या टॉयलेट साफ रहते हैं? **- हाँ**

## पता करो और लिखो।

**Q1. स्कूल में कितने लड़के और लड़कियाँ हैं?**

लड़के ☐ लड़कियाँ ☐

**उत्तर :**

लड़के 650 लड़कियाँ 350

**Q2. लड़के और लड़कियों के लिए कितने टॉयलेट हैं?**

लड़कों के लिए ☐ लड़कियों के लिए ☐

**उत्तर :**

लड़कों के लिए 10 लड़कियों के लिए 5

**Q3. यदि नल नहीं है, तो टॉयलेट में पानी भरकर कौन रखता है? पानी कहाँ से लाना पड़ता है?**

**उत्तर :** सभी टॉयलेट में नल हैं।

**Q4. इस जगह को कौन साफ करता है?**

**उत्तर :** स्कूल का सफाई कर्मचारी।

## बताओ

**Q1. टॉयलेट को साफ रखने के लिए क्या-क्या किया जा सकता है?**

**उत्तर :** टॉयलेट को साफ रखने के लिए उसकी नियमित सफाई तथा उसमें फिनायल डाला जा सकता है।

**Q2. इसके लिए हम सब क्या कर सकते हैं?**

**उत्तर :** हमें टॉयलेट को गंदा नहीं करना चाहिए तथा उसकी नियमित सफाई करनी चाहिए।

**Q3. क्या तुमने कभी बस स्टैंड या रेलवे स्टेशन पर टॉयलेट देखा है?**

**उत्तर :** हाँ, मैंने देखा है।

**Q4. घर के अंदर बने टॉयलेट से ये कैसे अलग होते हैं?**

**उत्तर :** बस स्टैंड या रेलवे स्टेशन के टॉयलेट रूम में कई टॉयलेट होते हैं जबकि घर में एक टॉयलेट रूम में एक ही टॉयलेट होता है। बस स्टैंड या रेलवे स्टेशन के टॉयलेट कई लोगों द्वारा इस्तेमाल किये जाने के कारण थोड़ा गंदा होता है। घर का टॉयलेट साफ होता है।

## समूह तीन

**Q1. अपनी कक्षा में बच्चों से पता करके नीचे दी गई तालिका पूरी करो। पिछले कुछ महीनों में तुम्हारी कक्षा के कितने बच्चों को नीचे लिखी हुई किसी बीमारी का सामना करना पड़ा है? उन बच्चों के नाम सही जगह पर लिखो।**

| क्र.म. | दस्त | उल्टी | दस्त व उल्टी एक साथ | पेशाब का रंग पीला, हल्का बुखार, आँखों व शरीर में पीलापन | पेट दर्द |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |
| 3. | | | | | |
| 4. | | | | | |
| 5. | | | | | |

**उत्तर :**

| क्र. | दस्त | उल्टी | दस्त वे उल्टी एक साथ | पेशाब का रंग पीला, हल्का बुखार, आँखों व शरीर में पीलापन | पेट दर्द |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजू | राजू | राजू | अशोक | राजू |
| 2. | पायल | रहीम | रहीम | अस्फाक | सुनील |
| 3. | अजीत | प्रदीप | प्रदीप | सुरेश | रमेश |
| 4. | विकास | | | | विकास |
| 5. | रोहित | | | | |